Live Hindustan

शिक्षक भर्ती: नौकरी की खातिर गोद में बच्चे लेकर पहुंचीं महिलाएं

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में शिक्षक भर्ती के लिए काउंसिलिंग शुरू हो गई है। सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय मम्फोर्डगंज में कई महिलाएं गोद में बच्चा लेकर काउंसिलिंग कराने पहुंचीं। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में 16,448 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। प्रत्येक अभ्यर्थी के दस्तावेजों की जांच में काफी वक्त लग रहा है। बहुत अधिक भीड़ होने के कारण दस्तावेजों का सत्यापन कराने के लिए महिलाएं घंटों लाइन में लगी रहीं।

उधर, सचिव बेसिक शिक्षा परिषद संजय सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सेवा में कार्यरत कोई व्यक्ति आवेदन करता है तो संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र लगाना अनिवार्य है। एनओसी के बगैर आवेदन मान्य नहीं होगा। चयन प्रक्रिया में काउंसिलिंग का मतलब नियुक्ति दिया जाना नहीं होता। काउंसिलिंग के दौरान अभ्यर्थी के आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं का सत्यापन होता है। इससे पता चलता है कि प्रथमदृष्टया अभ्यर्थी नियुक्ति की योग्यता रखता है। काउंसिलिंग के बाद चयन समिति यह निर्णय लेती है कि कोई अभ्यर्थी चयन के योग्य है या नहीं।